कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 16-05-2025

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा की गई मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी, दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

- **कमिश्नरेट में नियुक्त उप निरीक्षकों के मासिक कार्यों के आधार पर तैयार रिपोर्ट कार्ड की समीक्षा की गयी। 75 % से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 'स्टार परफॉर्मर' उप निरीक्षकों को किया जायेगा पुरस्कृत।**

'स्टार परफॉर्मर'

क्र0सं0	पुरूष उप निरीक्षक	महिला उप निरीक्षक
01	राजदर्पण तिवारी, मण्डुवाडीह	मीनू सिंह, चेतगंज
02	अमरजीत कुमार, मण्डुवाडीह	निहारिका साहू, कोतवाली
03	विकास कुमार मौर्य, रोहनिया	अंशू पाण्डेय, रामनगर

- **589 उप निरीक्षकों के कार्यों के हुए मूल्यांकन में 145 उप निरीक्षक प्राप्त नहीं कर सके न्यूनतम मानक, 33% से अधिक अंक।**
- **न्यूनतम मानक (33%) से कम अंक प्राप्त करने वाले 145 उप निरीक्षकों को 01 माह के लिये पुलिस लाइन में अटैच कर कराया जायेगा प्रशिक्षण। कार्यशैली में सुधार का प्रशिक्षण के साथ साथ परेड व फुट पेट्रोलिंग भी करायी जायेगी।**
- **उक्त उप निरीक्षकों के कार्य में सुधार हेतु प्रत्येक दिवस 10-10 उप निरीक्षकों को पुलिस आयुक्त के समक्ष उपस्थित कर की जायेगी काउंसलिंग। कार्य में सुधार न होने पर की जायेगी विभागीय कार्यवाही।**

- **मिर्जामुराद थाना क्षेत्र में सोमवार के विशेष चेकिंग अभियान के बावज़ूद बिना नम्बर मोटरसाइकिल से एक्सवे माइक्रो क्रेडिट प्रा0लि0 के ऑफिस में लूट की घटना का होना व घटना के अनावरण करने में असफल रहने पर प्रभारी निरीक्षक मिर्जामुराद सुधीर कुमार त्रिपाठी को लाइन हाजिर किया गया एवं प्रभारी डायल 112 निरीक्षक प्रमोद पाण्डेय को मिर्जामुराद का थाना प्रभारी नियुक्त किया गया।**
- **जनता के शिकायतों का त्वरित निस्तारण, सुगम यातायात व अपराध नियंत्रण वाराणसी पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता, सभी को कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु किया गया निर्देशित -**
  - जनता की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करना।
  - गौ तस्करों व उनके संपर्क सूत्रों पर की जाये कड़ी कार्यवाही।
  - हुक्का बार व स्पा सेंटर में हो रहे अनैतिक गतिविधियों पर हो कार्यवाही।
  - जुआ, सट्टा व ऑनालाइ सट्टा कराने वालों पर हो कठोर विधिक कार्यवाही।
  - बिना नम्बर व तीन सवारी दो पहिया वाहनों पर हो कठोर कार्यवाही।
  - सड़कों पर स्टंट करने वाले एवं ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों पर की जाये कार्यवाही।
  - अवैध शराब/मादक पदार्थों/ अवैध शस्त्र तस्करों पर प्रभावी कार्यवाही की जाये।
  - यातायात को सुचारू रूप से संचालित करना एवं अतिक्रमण हटाना।
  - लूट, चैन स्नैचिंग व आपराधिक घटनाओं पर हो क्विक एक्शन।
  - बाजारों में रात्रि गश्त को प्रभावी बनाना व चोरी की घटनाओं रोकना।
  - लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण।
  - पुरस्कार घोषित व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी।
  - प्रभावी फुट पेट्रोलिंग सुनिश्चित करना।
  - CUG Phone को अनिवार्य रूप से अटेंड करना।
  - थाना प्रभारी थानों में नियुक्त कर्मियों को नियमित रूप से ब्रीफ कर शासन/डीजीपी / उच्च अधिकारियों के आदेशों निर्देशों से कराये अवगत।

- **नये आपराधिक कानून 'भारतीय न्याय संहिता' के अन्तर्गत अपराध करने वाले अपराधियों की भी संपत्ति का जब्तीकरण किये जाने के दिये गये निर्देश।**
- **गो तस्करी, अवैध शराब, मादक पदार्थ, अवैध शस्त्र, खनन व जालसाजी के अपराध में लिप्त अपराधियों को माफिया के रुप में चिन्हित कर कार्यवाही किये जाने के दिये गये निर्देश।**
- **रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की संभावित उपस्थिति के दृष्टिगत सड़कों व रेल पटरियों के किनारे खुले सार्वजिनक स्थलों पर अवैध रुप से निवास कर रहे व्यक्तियों के सत्यापन किये जाने हेतु दिये गये निर्देश।**
- **सड़कों व सड़कों के किनारे सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण कर बनाये गये धार्मिक स्थलों का हो चिन्हीकरण।**
- **सुगम यातायात व्यवस्था हेतु चलाये जाये विशेष अभियान, अभियान के तहत अतिक्रमण व बनाये गये स्थानीय नियमों का अनुपालन न कर बाधा उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध हो कार्यवाही।**
- **सी.एम. डैशबोर्ड के सभी पैरामीटर्स पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही कर निस्तारित किया जाना।**
- **हत्या, लूट. चोरी, नकबजनी, छिनैती के अपराधियों के विरूद्ध हो गैंगेस्टर की कार्यवाही, निरन्तर निगरानी हेतु खोली जाये हिस्ट्रीशीट।**

आज दिनांक 16-05-2025 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा कैम्प कार्यालय स्थित सभागार में **अपराध समीक्षा गोष्ठी** आयोजित की गयी। उक्त गोष्ठी में आम जनमानस की शिकायतों का निस्तारण, अपराध, कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की गई। गोष्ठी में कमिश्नरेट वाराणसी में नियुक्त सभी उप निरीक्षकों के मासिक कार्यों का मूल्यांकन कर तैयार की गई रिपोर्ट कार्ड पर उनके परफॉर्मेंस की समीक्षा कर स्टार परफॉर्मर उप निरीक्षक को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय श्री एस0 चन्नप्पा, अपर पुलिस आयुक्त अपराध श्री राजेश सिंह सहित समस्त पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।